रेलवे स्टेशनों की आर्थिक क्षमता का मूल्यांकन करने संबंधी नियम तथा मानदंड

3753. **श्री ईश दत्त यादव :**

क्या रेल मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) रेलवे स्टेशनों की आर्थिक क्षमता का मूल्यांकन करने संबंधी नियम और मानदंड क्या हैं;

(ख) क्या इन नियमों का पालन किया जा रहा है; और

(ग) यदि नहीं, तो इसके कारण क्या हैं ?

रेल मंत्रालय में राज्य मंत्री (श्री के० सी० लेंका) :

(क) से (ग) सूचना इकट्ठी की जा रही है और सभा पटल पर रख दी जायेगी ।

उत्तर प्रदेश में यात्रियों के लिए विश्रामकक्ष सुविधाएं

3754. **चौधरी हरमोहन सिंह :**

क्या रेल मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या यह सच है कि धन की अनुपलब्धता के कारण उत्तर प्रदेश में यात्रियों के विश्राम कक्ष की सुविधा तथा अन्य सुविधाएं प्रदान करने के कार्य पर प्रतिकूल प्रभाव पड़ा है;

(ख) यदि हां, तो धन की अनुपलब्धता के कारण कौन से निर्माण कार्यों को क्षति पहुंची है तथा इन निर्माण कार्यों को उत्तर प्रदेश में किन स्थानों पर किया जा रहा है; और

(ग) सरकार ने राज्य को धन देकर उपरोक्त कार्यों को पूरा करने के लिए क्या प्रयास किए हैं ?

रेल मंत्रालय में राज्य मंत्री (श्री के० सी० लेंका) :

(क) जी, नहीं ।

(ख) और (ग) प्रश्न नहीं उठता ।

रेलवे प्लेटफार्म पर अनुसूचित जातियों तथा अनुसूचित जनजातियों के व्यक्तियों को खोमचे (वेण्डर) लगाने संबंधी लाईसेंस जारी करना

3755. **श्री राम सिंह राठवा :**

क्या रेल मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या यह सच है कि रेलवे प्लेटफार्मों पर अनुसूचित जातियों तथा अनुसूचित जनजातियों के लोगों को विक्रेता लाइसेंस जारी करने के लिए कोई कोटा निर्धारित नहीं है; और

(ख) यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है तथा इसके कारण क्या हैं ?

रेल मंत्रालय में राज्य मंत्री (श्री के० सी० लेंका) :

(क) जी हां ।

(ख) मौजूदा नीति के अनुसार वेंडिंग लाइसेंस आबंटित करने के लिए किसी भी कोटि को आरक्षण अथवा प्राथमिकता नहीं दी जाती है। बहरहाल, छोटे स्टेशनों के मामले में अ० जा० और अ० ज० जा० के उम्मीदवारों को प्राथमिकता दी जाएगी । जब-जब औचित्यपूर्ण होता है, निर्धारित प्रक्रिया और दिशानिर्देशों के अनुसार आबंटन किए जाते हैं ।

पश्चिमी रेलवे की इकहरी लाइन दुहरी लाइन में बदलना

3756. **श्री रामसिंह राठवा :**

क्या रेल मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या यह सच है कि पिछले वर्ष के दौरान पश्चिमी रेलवे में इकहरी लाइन को

दुहरी लाइन में बदलने का कोई भी काम नहीं किया गया है;

(ख) यदि हां, तो तत्संबंधी कारण क्या हैं; और

(ग) इस वर्ष के दौरान पश्चिमी रेलवे के जिन इकहरी रेल लाइनों को दुहरी लाइनों में बदलने का निर्णय किया गया है उनके नाम क्या हैं ?

रेल मंत्रालय में राज्य मंत्री (श्री के० सी० लेंका) :

(क) जी नही :

(ख) प्रश्न नहीं उठता :

(ग) निम्नलिखित खंडों को 93-94 में दोहरी लाइनों में बदला जायेगा :

(i) पीर उमरोद-बेड़छा तथा बोलाई-अकोदिया — 23 कि० मी०

(ii) बैरागढ़-बकानियां भौरी-फंदा— 16 कि० मी०

(iii) माही ब्रिज नं० 624— 1 कि०मी०

(iv) अमास ब्रिज — 1 कि०मी०

जोड़ 41 कि०मी०

Trains running between Guntakal and Renigunta

3757. DR. NARREDDY THULASI REDDY : WiE the Minister of RAILWAYS be pleased to state :

(a) what are the trains running between Guntakal and Renigunta in South Central Railway;

(b) what are the arrival and departure timings of the above trains at Guntakal;

(c) whether there is any proposal to operate some more trains in this section to mee! the demands of the passengers:

(d) if so, the details thereof; and

(e) if not, the reasons therefor ?

THE MINISTER OF STATE IN THE MINISTRY OF RAILWAYS (SHRI K. C. LENKA) : (a) and (b) Arrival/departure timings of trains running between Guntakal and Renigunta at Guntakal are as under :—

	Arrl.	Dep.
1. 6511 Dadar-Madras Express.	07.30	07.40
2. 1081-Bombay-Kanniyakumari Express	09.25	09.35
3. 6063 Dadar-Madras Chennai-Express.	11.35	11.45
4. 7009 Bombay-Madras Mail.	16.25	18.55
5. 7429 Hyderabad-Tirupati Rayalaseema Express	01.55	02.05
6. 6512 Madras-Dadar Express.	18.25	18.35
7. 1082 Kanniyakumari-Bombay Express.	10.00	10.10
8. 6064 Madras-Dadar Chennai Express	15.11	15.2
9. 7010 Madras-Bombay Mail.	08.20	08.35
10. 7430 Tirupati- Hyderabad Rayalaseema Express	22.05	22.15